शिक्षकों ने कीचड़ के बीच किया ध्वजारोहण

करौंदी कला का मामला

नवभारत न्यूज

बिरसिंहपुर 16 अगस्त। जिले की ग्राम पंचायत करौंदी कला अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय करौंदी खुर्द से स्वतंत्रता दिवस पर शिक्षकों की गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है।

राष्ट्रीय पर्व पर परिसर में ध्वजारोहण के लिए साफ जगह तक नहीं थी और पूरा आयोजन बदहाल कीचड़ के बीच निपटाया गया। हद तो तब हो गई जब ध्वजारोहण की औपचारिकता पूरी करते ही पदस्थ अध्यापक मासूम बच्चों को परिसर में अकेला लावारिस छोड़कर अपने-अपने घर चले गए। शिक्षकों के इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये और बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है, जिसे

लेकर अब प्रशासन से दोषी शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

केजेएस सीमेंट में नलिन खेतान ने फहराया तिरंगा

श्रद्धा उत्साह व धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

नवभारत न्यूज

मैहर 16 अगस्त। केजेएस सीमेंट राजनगर में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस धूमधाम, श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। केजेएस के मैनेजिंग डायरेक्टर नलिन खेतान ने भारी संख्या में उपस्थित कर्मचारियों व ग्रामीणों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया।

इस अवसर पर सुरक्षा प्रहरियों ने आकर्षक मार्चपास्ट और परेड का प्रदर्शन किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समस्त फैक्ट्री परिसर को तोरण-द्वारों, झंडों एवं तिरंगे गुब्बारों के द्वारा सजाया गया था। चूंकि श्री खेतान पहली बार संस्थान के किसी सार्वजनिक समारोह में भाग ले रहे थे इसलिए कर्मचारियों में उत्साह देखने लायक था। नलिन जी ने झंडारोहण के पश्चात अपने उद्बोधन में सभी उपस्थित जनसमुदाय को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाइयां दीं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत का

उद्धरण देते हुए कहा कि हम और हमारी कंपनी के सभी जन अपने अति उत्कृष्ट गुणवत्तापूर्ण उत्पादन से विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहभागी बनेंगे। आपने कहा कि हमें अपने वर्किंग स्टाइल और कल्चर से और बेहतर होने की कोशिश करना होगा तभी हम कुछ बदलाव लाने में सफल हो सकेंगे। इस अवसर पर मानव संसाधन विभाग के उपाध्यक्ष देवेन्द्र माथुर ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम अपने साथी कर्मचारियों की कार्य कुशलता को बेहतर बनाने और उनके बेहतरीन भविष्य की योजनाओं को लागू करने के लिए कटिबद्ध हैं।

स्वतंत्रता समारोह के इस अवसर पर कंपनी के कार्यकारी निदेशक कर्नल (रिटा) नीरज वर्मा, यूनिट हेड अरविंद पाटील, मैकेनिकल हेड एमके सिंह, प्रोसेस हेड अश्विनी सोनी, पावर प्लांट हेड वीरेन्द्र गौतम, लॉजिस्टिक्स हेड प्रदीप श्रीवास्तव, डॉक्टर टीएस बघेल, सुरक्षा प्रमुख देवेन्द्रनाथ सिंह एवं अजयकांत त्रिपाठी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

कंपनी की सीएसआर यूनिट ने खुशी के इस अवसर पर अमिलिया, लखवार, गिरगिटा, बेलदरा, बरहिया, भटिया, पिपरहट व पहाड़ी आदि ग्रामों के स्कूलों व आंगनबाड़ियों में पहुंचकर बच्चों के बीच मिष्ठान वितरण किया।

ग्रामोदय विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 16 अगस्त महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। विश्वविद्यालय परिसर स्थित रजत जयंती भवन में कुलगुरु प्रोण् आलोक चौबे ने राष्ट्रध्वज फहराया।

इसके पूर्व राष्ट्रगीत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान हुआ। कुलगुरु ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता के अमर बलिदानियों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया और विद्यार्थियों से राष्ट्र

निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। समारोह का शुभारंभ कुलगुरु प्रोण् आलोक चौबे के आगमन एवं पारंपरिक स्वागत के साथ हुआ। इसके बाद कुलगुरु के नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिवार ने परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर सामूहिक नमन किया। नानाजी देशमुख परिसर के रूप में विकसित होगा कृषि प्रक्षेत्रअपने मार्गदर्शक उद्बोधन में कुलगुरु प्रोण् आलोक चौबे ने कहा कि चित्रकूट प्रभु श्रीराम की तपस्थली होने के साथ.साथ राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की रचनात्मक प्रयोगस्थली भी है। नानाजी ने ग्रामोदय की अपनी अवधारणा को साकार करने के लिए ग्रामोदय विश्वविद्यालय जैसे विशिष्ट उच्च शिक्षा संस्थान की स्थापना की।

कार्यक्रम का संयोजन प्रोण् कपिल देव मिश्रा ने किया तथा संचालन प्रोण् ललित कुमार सिंह ने किया। ध्वजारोहण संबंधी अनुशासन एवं व्यवस्था में डॉण् विनोद कुमार सिंह एवं श्री धनंजय सिंह ने सहयोग किया।

उत्कृष्ट सेवाओं के लिए चित्रकूट के एसपी अरुण कुमार सिंह को मिला राष्ट्रपति पदक

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 16 अगस्त। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह को पुलिस सेवा में उत्कृष्ट, सराहनीय एवं कर्तव्यनिष्ठ सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक (मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस) प्रदान किया गया है।

गणतंत्र दिवस-2025 के अवसर पर भारत सरकार की ओर से उन्हें इस सम्मान के लिए चयनित किया गया था। पदक से संबंधित पत्र प्राप्त हो गया। जिसके बाद सभी लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी। पूर्व

में वर्ष 2015 में डीजी सिल्वर प्रशंसा चिन्ह, वर्ष 2016 में वीरता के लिए राष्ट्रपति पदक तथा वर्ष 2020 में डीजी गोल्ड प्रशंसा चिन्ह से भी सम्मानित किया जा चुका है।

रक्तदान एवं गौव सेवा का संकल्प

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 16 अगस्त। राष्ट्रीय खंगार क्षत्रिय संस्था के माध्यम से हमीरपुर मैं बैठक हुई जिसमें संस्था पदाधिकारी सम्मिलित हूए बैठक में संस्था के बनर मेहमीरपुर से ज्ञान सिंह जिला प्रभारी जयपुर से मान सिंह राष्ट्रीय महासचिव अहमदाबाद से अरिंमर्दन सिंह राष्ट्रीय महासचिव और दिल्ली से श्री रमेश सिंह राष्ट्रीय सचिव कराला दिल्ली और चित्रकूट से अमर सिंह राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शामिल हुए मीटिंग में प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई और सबसे पहले जिला हस्पताल में हमीरपुर टीम से 10. 15 पदाधिकारी जिला चिकित्सालय शिक्षक से मिलकर एक रक्तदान का कैम्प की शुरुवात जिला मेडिकल ऑफिसर से मिले रक्तदान करने की अनुमति के साथ समय की मां की गई संस्था केनयम अनुसारवह टोकन संभाल कर रखें ।

टोकन 1 वर्ष के लिए वैलिड या मान्य रहेगा यदि 1 वर्ष के अंदर हमीरपुर में कभी भी किसी भी समाज बंधु अलावा पीढ़ीको रक्त की आवश्यकता पड़ेगी तो उस टोकन के माध्यम से जिला अस्पताल ब्लड बैंक से आसानी से ब्लड मिल जाएगा और दूसरा पुलिस थाना से संपर्क कर थाना प्रभारी या मिले अपना परिचय दें और अपना व्यक्तिगत व्यवहार कर रखें अरिमर्दन सिंह ने बताया आपके गांव में आसपास जो भी गौशाला है।

गांधी चौक में नप अध्यक्ष ने फहराया तिरंगा

नवभारत न्यूज

नागौद 16 अगस्त। आजादी का जश्न नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लासपूर्वक मनाया गया नगर की गौरवशाली परंपरा अनुसार नपा अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा यतेंद्र सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा में तिलक एवं माल्यार्पण कर तिरंगा फहराया पुलिस बल द्वारा ध्वज को सलामी दी गई ।

कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम राष्ट्रगान से हुआ इस मौके में संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिभा सिंह ने स्वतंत्रता दिवस के 80 वे वर्षगांठ

की शुभकामनाएं देते हुए नगर को स्वच्छ सुंदर हरा भरा बनाने की अपील करते हुए निकाय द्वारा कराए गए विकास कार्यों एवं प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी सरस्वती शिशु मंदिर की बहनों द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया उपस्थित नगर परिषद के सम्माननीय सदस्यों को निकाय की ओर से वृक्ष प्रदान कर सम्मान किया गया । मुख्य रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा दीपेंद्र सिंह, श्रीमती कामाक्षा कुमारी पूर्व अध्यक्ष, मोहम्मद हामिद एडवोकेट ,राहुल सोनी बाबूलाल चुहटेल ,मुख्तार अहमद पप्पू ,श्रीमती संध्या वर्मा ,श्रीमती बबीता जायसवाल ,श्रीमती श्यामा सिंह, श्रीमती हेमंत कुमारी ,श्रीमती वर्मा ,ओम प्रकाश पांडे, एल्डरमैन अरुण तिवारी, सुशील गुजर, नितिन गोयल, अरुण कुमार गोयल ,श्रीमती अर्चना गोयल सहित नगर के गणमान्य नागरिक गण विभिन्न विद्यालय के भैया बहिन एवं निकाय कर्मचारी उपस्थित रहे।

आदर्श उच्च मा वि रामपुर बघेलान में लहराया तिरंगा

नवभारत न्यूज

रामपुर बाघेलान 16 अगस्त। नगर परिषद रामपुर बाघेलान में संचालित आदर्श उच्च मा वि रामपुर बघेलान में 80 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामकुमार कोल उपाध्यक्ष नगर परिषद , सुदर्शन कोल भाजपा सतना सह कोषाध्यक्ष, रामायण सिंह पूर्व पार्षद, प्राचार्य रामचरित सिंह की उपस्थित में ध्वजारोहण किया गया। अतिथियों के द्वारा गुब्बारे आसमान की ओर छोड़कर खुशी जाहिर करते हुए सभी को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी गई। कार्यक्रम में बंदे मातरम् गीत का गायन किया गया। आए हुए अतिथियों

का स्वागत महिमा प्रजापति, प्रिंसी सिंह ने स्वागत गीत से किया। राष्ट्रगान वीना सिंह, प्रांजलि विश्वकर्मा, प्रिंसी सिंह गीत में रक्षा विश्वकर्मा, आस्था कुशवाहा, मुस्कान यादव, शौर्य तिवारी, शिवांगी सिंह, और भाषण देते हुए मोहिनी साकेत ने सामाजिक समरसता और शिक्षा पर बल देते हुए बालिका शिक्षा पर हुए सुधारो पर प्रकाश डाला।

दीपक सेन, खुशी प्रजापति, अर्पिता सिंह, दीपांजलि वर्मा, दिव्या कोरी, रूचि बंसल, मानवी सिंह, अनन्या विश्वकर्मा, राधिका सिंह, अवनी, रूपा चौधरी, रक्षा, रोशनी सोनी, आकृति धनवार, मनीषा बुनकर, आंचल साकेत, आदि ने अपने नृत्य और गीत तथा सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर रामनारायण कोल, रामाश्रय कोरी, धर्मेंद्र शुक्ल, उमेश त्रिपाठी, नीरज कुशवाहा, धर्मेंद्र पाठक के साथ विद्यालीन स्टाफ माया प्रजापति, नीरज सिंह, कंचन मिश्रा, माया वर्मा, अंकिता सिंह, साधना साकेत, प्रियंका शर्मा, अन्नपूर्णा सिंह, श्रेया वर्मा, खुशी सिंह, खुशी चौरसिया, नैंसी सिंह, शीला साकेत की उपस्थित में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन पंकज सिंह ने किया। आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए प्राचार्य रामचरित सिंह ने स्वागत, वंदन अभिनंदन करते हुए शुभकामनाएं और बधाई दी।

स्वतंत्रता दिवस पर हर्षोल्लास से निकली तिरंगा यात्रा

अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह सेवा संगठन का आयोजन ,कुंवर अभय सिंह रोली भैया ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवभारत न्यूज

कोठी 16 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह सेवा संगठन ने बाबा अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह की जन्मस्थली मनकहरी से तिरंगा यात्रा निकाली जो ऐतिहासिक रही।

तिरंगा यात्रा बाबा अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह की छायाचित्र को साथ लेकर ग्राम पंचायत पोंडी होते हुए कोठी बाईपास से गुजर कर सोनोर स्थित रणमत सिंह की प्रतिमा स्थल पर पहुंची जहां पर माल्यार्पण करने के उपरांत यात्रा आगे बढ़ी और कोठी के झाली चौराहा से होते हुए चौक बाजार का भ्रमण कर बस स्टैंड स्थित अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह की प्रतिमा स्थल पर पहुंची जहां पर उनका माल्यार्पण कर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । इसके पूर्व यात्रा को कोठी के वरिष्ठ समाजसेवी कुंवर अभय सिंह रोली भैया ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया यात्रा मे संगठन सहित आसपास के क्षेत्र के हजारों की संख्या में लोग अपने-अपने गाड़ियों के साथ में काफिला में शामिल हुए यात्रा के दौरान तिरंगे झंडे के साथ देश भक्ति के नारे तथा अमर शहीद बाबा रणमत सिंह अमर रहे के नारे एवं गीत गूंजते रहे यात्रा का जगह-जगह लोगों ने आत्मीय स्वागत किया और जलपान वितरित किया इस दौरान यात्रा में मुख्य रूप से संगठन के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह,संरक्षक चंद्रमौलेश्वर प्रताप सिंह, संतोष पांडे, डॉ जितेंद्र सिंह गहरवार, यशवंत पांडे,संयोजक सहेंद्र सिंह,सहसंयोजक उमेश सिंह पप्पू , कोषाध्यजीत सिंह, सचिव वीरेंद्र विश्वकर्मा, प्रवक्ता बृजेश गर्ग सोनू, सोशल मीडिया प्रभारी शैलेंद्र सिंह, संगठन के अन्य सदस्य रुक्मणी रमन प्रताप सिंह, नीरज सिंह, अनुराग सिंह, अमर गुप्ता, शिवजीत सिंह, विजय राज सिंह,मनिंदर सिंह, कृष्णभान सिंह कृषनेन्द्र सिंह, अंकित सिंह शहीद कई सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रीय युवा एवं संगठन के पदाधिकारी व आमजन सम्मिलित रहे।

मेहुती में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

नवभारत न्यूज

जैतवारा 16 अगस्त। 80वें स्वतंत्रता दिवस पर मेहुती क्षेत्र में भी देशभक्ति, उत्साह और समर्पण की एक अनूठी मिसाल देखने को मिली। शिवा ग्रामीण विकास संस्थान मेहुती के केंद्रीय कार्यालय में गरिमामयी माहौल में ध्वजारोहण किया गया, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और अमर शहीदों के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया गया।

शहीदों को नमन और शिक्षण संस्थानों में सहभागिता-इस पावन पर्व की शुरुआत संस्थान के संस्थापक बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के प्रमुख स्थलों और शिक्षण संस्थानों में सक्रिय सहभागिता के साथ हुई।

ध्वजारोहण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम-शहीद स्मारक सुखराम सिंह- देश की रक्षा में अपने प्राणों की

आहुति देने वाले अमर शहीद सुखराम सिंह के स्मारक पर पहुंचकर संस्थान के पदाधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित किए और नम आँखों से शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

शासकीय बालक एवं कन्या शाला, मेहुती- नौनिहालों और विद्यार्थियों के बीच राष्ट्रगान की गूंज के साथ तिरंगा फहराया गया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। सरस्वती विद्यालय एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय, मेहुती- इन शिक्षण संस्थानों में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में संस्थान के संस्थापक श्री बृजेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया और देश के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई।

गणमान्य नागरिकों की रही विशेष उपस्थिति-इस भव्य आयोजन को सफल बनाने और इसमें ऊर्जा फूंकने में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति बेहद उल्लेखनीय रही।

मुख्य कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

रामपुर बाघेलान। सांदीपनि विद्यालय में आयोजित प्रशासनिक कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह छोटू ने ध्वजारोहण किया। आयोजित कार्यक्रम में जनपद सदस्य नंदकिशोर पटेल ,जनपद सदस्य अनिल साकेत, एसडीएम सुभाष मिश्रा ,तहसीलदार रमेश कोल ,मुख्य कार्यपालिका अधिकारी सुश्री रश्मि पांडेय, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री पूजा द्विवेदी ,नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह जयसूर ,मंगलेश्वर सिंह, सुदामा कोरी ,बी ई ओ गरुड़ प्रताप सिंह , संतोष पटेल सहायक यंत्री विश्वजीत कुशवाहा , प्राचार्य रावेन्द्र सिंह के साथ पुलिस विभाग जनपद कर्मचारी के साथ समस्त विभागों की अधिकारी कर्मचारी शिक्षक शिक्षिकायें और विद्यालय के छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

एक नजर में

लोकतंत्र सेनानी सम्मानित

नागौद। स्वतंत्रता दिवस के 80 वें अवसर पर नागौद तहसीलदार ऋषिनारायण सिंह द्वारा लोकतंत्र सेनानी नागौद विधायक नागेन्द्र सिंह जू देव एवं नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी रामकुमार अग्रवाल को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया ।

सीडीए कार्यालय में अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

चित्रकूट। चित्रकूट विकास प्राधिकरण (सीडीए) कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्राधिकरण के अध्यक्ष विजय यादव द्वारा विधिवत एवं गरिमामय वातावरण में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रगान के उपरांत उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और चित्रकूट के समग्र विकास का संकल्प लिया। ध्वजारोहण के उपरांत उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि चित्रकूट एक पावन पौराणिक व ऐतिहासिक स्थल है। प्राधिकरण का मुख्य ध्येय धार्मिक नगरी की सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण रखते हुए आधुनिक आधारभूत संरचना, सुनियोजित शहरी विकास और जन-सुविधाओं का विस्तार करना है। इस अवसर पर चित्रकूट नगर परिषद की अध्यक्षा सुश्री साधना पटेल , प्रबल राव श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा, हरीश अग्रवाल, धर्मेंद्र सिंह बिसेन , पार्षद श्रीमती रविमाला सिंह, सिद्धांत रंजन त्रिवेदी , राजू त्रिपाठी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी चित्रकूट अंकित सोनी ,चित्रकूट विकाश प्राधिकरण के कर्मचारी राकेश पटेल, नगर परिषद चित्रकूट से संदीप त्रिपाठी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सुलखमां ग्राम पंचायत में किया गया ध्वजारोहण

बड़ा इटवां। रामनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सुलखमां में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश के वीर शहीदों को याद करते हुए भारत की शान तिरंगा झंडा फहराया गया। ग्राम पंचायत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में गांव के सभी मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत सुलखमां की सरपंच श्रीमती शीला कोल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित ग्रामीणजनों के साथ ग्रामसभा आयोजित की गई, जिसमें गांव के विकास एवं ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर विशेष चर्चा की गई। गांव की देखरेख, स्वच्छता, सुंदरता तथा अधूरे कार्यों में यदि किसी प्रकार की गड़बड़ी है तो उसे सुधारने एवं पंचायत स्तर पर आवश्यक कार्यवाही करने के संबंध में चर्चा की गई। इस ग्रामसभा में सरपंच श्रीमती शीला कोल, पंचायत सचिव संतोष शुक्ला, सह सचिव सियाराम पाल, बबलू गुप्ता, चेतराम गुप्ता सहित लगभग 50 की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

नप कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण

कोटर । स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नगर परिषद कोटर में ध्वजारोहण किया गया जिसमें मुख्य नगरपालिका अधिकारी अरुण श्रीवास्तव, नगर परिषद अध्यक्ष राजमणि सिंह, उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी ,सभापति बब्लू गौतम , वरिष्ठ भाजपा नेता राजा गुरु ,पार्षद पंकज कुशवाहा ,आंनद पाठक, सुरेश पयासी ,शांति स्वरूप अग्रवाल, रमेश मिश्रा, अंजू गौतम सुशील विश्वकर्मा, केपी चौधरी पार्षद कुंजी लाल चौधरी पार्षद रविता सिंह , देवराज गोस्वामी पार्षद राजमणि कोल लल्लू गौतम, कमलेश गौतम, हेमराज अतुल मिश्रा, रामप्रशंन गौतम ,अनूप तिवारी रामशरण सिंह एवं नगर वासी उपस्थित रहे।

लायंस क्लब उद्धव कोटर की संयुक्त तिरंगा रैली निकली

कोटर । लायंस क्लब उद्धव कोटर द्वारा विरासनी माध्यमिक शाला के सहयोग से तिरंगा रैली कोटर में निकाली जिसमें छात्र एवं आचार्यों के साथ क्लब के सदस्य शामिल रहे रैली वार्ड क्रमांक 8 से 7 होकर 10 से 6 वार्ड तह निकाली गई इसके बाद विद्यालय में संस्थापक आचार्य चंद्रिका प्रसाद शुक्ला एवं जोन चेयरपर्सन डॉ रमेश मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया सभी बच्चों ने भारत माता का जयघोष लगाया बच्चों ने स्वागत गीत एवं राष्ट्र भक्ति के गीतों से देश का मान बढ़ाया मुख्य अतिथि डॉ रमेश मिश्रा द्वारा बच्चों को टाफी एवं लड्डू का वितरण किया तथा बच्चों को बताया कि हम स्वतंत्रता की 80वर्ष गांठ मना रहे है हमे देश के स्वाभिमान के लिये तथा इसे अक्षुण्ण बनाए रखने हेतु जीवन भी देना पड़े तो तैयार रहे कुर्बानियों से ही आज हम स्वतंत्र है कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष सत्यसाचीमिश्रा विपिन शर्मा संगीता देवी नगर के कृष्णपाल सिंह शिवकुमार त्रिपाठी जीवनलाल त्रिपाठी दर्जनों लोग रहे विद्यालय के सभी आचार्य शामिल रहे कार्यक्रम का संचालन श्री त्रिपाठी आचार्य ने किया आभार चंद्रिका प्रसाद शुक्ला ने किया।